# RAF SECTOR
## NEWS CLIP
## 23/07/19

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

**Rajasthan Patrika (Kishangarh,Raj.)**

### केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की साइकिल रैली का स्वागत

# सेना और जवानों के कारण देश सुरक्षित

**बल का 81 वां स्थापना दिवस एवं महात्मा गांधी की 150 वीं जयंती के तहत आयोजन**

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

मदनगंज-किशनगढ़. केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की ओर से 81 वां स्थापना दिवस समारोह के तहत निकाली जा रही साइकिल रैली ब्यावर से रविवार को दोपहर में किशनगढ़ पहुंची। रैली के पहुंचने पर स्वागत किया गया। अब यह रैली सोमवार को जयपुर के लिए रवाना होगी।

रविन्द्र रंगमंच पर साइकिल रैली के पहुंचने पर विधायक सुरेश टांक, पुलिस उप महानिरीक्षक ग्रुप केन्द्र प्रथम अमित डीडवाल, पुलिस उप महानिरीक्षक ग्रुप केन्द्र-2 पुखराज जयपाल, कमांडेंट भरत कुमार बिश्नोई, नगर परिषद आयुक्त निखिल कुमावत, पुलिस उप अधीक्षक गीता चौधरी, मदनगंज थाना सीआई राजेन्द्र खण्डेलवाल, पीएसडीपी अध्यक्ष चेतन चौधरी व सामाजिक कार्यकर्ता नितिन आदि ने रैली के प्रतिभागियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। रैली 13 दिन में गुजरात, राजस्थान, हरियाणा तथा दिल्ली के विभिन्न गांव एवं शहरों से होते हुए 982 किलोमीटर का सफर तय कर 27 जुलाई को इंडिया गेट दिल्ली पहुंचकर सम्पन्न होगी। रैली का नेतृत्व उप कमांडेंट मनोज कुमार कर रहे हैं।

रैली राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150 वीं जयंती एवं सीआरपीएफ के 81 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित की जा रही है। इसका उद्देश्य स्वच्छता, जल संरक्षण, शांति एवं सामाजिक सद्भावना जैसे मुद्दों के प्रति जागरूकता पैदा करना है। अतिथियों ने कहा कि देश जवानों के कारण ही सुरक्षित है। सेना का जवान अपनी ड्यूटी के अलावा लोगों में जागरूकता के लिए कार्य करता है तो यह बहुत अच्छी बात है। उन्होंने कहा कि पानी बचेगा तो ही जीवन बचेगा। यह संदेश जन-जन पहुंचाना ही इस रैली का मुख्य उद्देश्य है। साइकिल रैली के कार्मिकों तथा ग्रुप कार्य बल के अधिकारियों की ओर से किशनगढ़ क्षेत्र में स्वच्छता अभियान, पौधारोपण और तालाब का जीर्णोद्धार का भी संदेश दिया।



किशनगढ़ के रविन्द्र रंगमंच पर केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की साइकिल रैली के पहुंचने पर किया गया स्वागत व उपस्थित अन्य। पत्रिका



केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की साइकिल रैली नगर के मुख्य मार्गों से गुजरती हुई।

### केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल का कार्य


केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल देश में फैले साम्प्रदायिक उपद्रव, आतंकी गतिविधियों से निपटना, भीड़ को नियंत्रण करना, दंगों को नियंत्रित करना, विशेष तौर से चुनाव के दौरान बड़े पैमाने पर सुरक्षा व्यवस्था को बनाने में राज्य सरकार का सहयोग करना, अति विशिष्ट व्यक्ति तथा अति संवेदनशील प्रतिष्ठानों की सुरक्षा तथा राज्य सरकारों की कानून व्यवस्था न बिगड़ने में सहायता प्रदान करती है।

### केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल का इतिहास

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल 27 जुलाई 1939 को क्राउन रिप्रेजेंटेटिव पुलिस के रूप में अस्तित्व में आया। 28 दिसम्बर 1949 को अधिनियम के लागू होने पर इस बल का नाम केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल पड़ा। अब इस बल में 246 बटालियन, 208 एक्जीक्यूटिव बटालियन, 6 महिला बटालियन, 15 द्रुत कार्य बल, 10 कोबरा बटालियन, 6 सिग्नल बटालियन, एक स्पेशल ड्यूटी ग्रुप, एक पार्लियामेंट ड्यूटी ग्रुप, 43 ग्रुप सेंटर, 20 प्रशिक्षण संस्थान, 3 सीडब्ल्यूएस, 7 एडब्ल्यूएस, 3 एस डब्ल्यूएस तथा 100 बिस्तरों वाले 4 कंपोजिट अस्पताल एवं 50 बिस्तरों वाले 17 कंपोजिट अस्पताल है जो यह एक बड़ा संगठन है।

Dainik Navjyoti (Jaipur,Raj.)

# सीआरपीएफ साइकिल यात्रा का स्वागत



बगरू। जयपुर-अजमेर हाइवे बस स्टाप महलां में सोमवार को गुजरात से दिल्ली जा रही सीआरपीएफ जवानों की साइकिल यात्रा का ग्रामीणों ने स्वागत कर भारत माता के जयकारे लगाए। इस मौके पर मां सरस्वती विद्या मन्दिर सी. सै. स्कूल के विद्यार्थियों ने सीआरपीएफ के जवानों के तिलक एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस दौरान युवाओं ने भारत माता के जयकारे लगाए। सीआरपीएफ साइकिल यात्रा गुजरात से दिल्ली जा रही है। पुलिस प्रशासन हाइवे पर साइकिल यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था कर रही है।

Dainik Jagran (Deoghar,JKD.)

# पहली सोमवारी : दो लाख कांवरियों ने किया जलाभिषेक




देवघर/दुमका : सावन की पहली सोमवारी पर देश के कोने-कोने से आए करीब दो लाख शिवभक्तों ने देवघर में बाबा बैद्यनाथ की पूजा अर्चना कर जलाभिषेक किया। वहीं दुमका के बासुकीनाथ धाम में 70 हजार भक्तों ने अरघा के माध्यम से जलार्पण किया। देवघर में रविवार की शाम से ही शिवभक्तों की कतार लंबी होती चली गई। रात दो बजे तक कुमैठा स्टेडियम तक कतार लगी थी। सोमवार सुबह 3:40 पर बाबा दरबार का पट खुलते ही कतारबद्ध श्रद्धालुओं ने प्रभु का जलाभिषेक शुरू कर दिया। जो रात दस बजे तक चलता रहा। करीब 15 किलोमीटर लंबी भक्तों की कतार को सहेजने और व्यवस्थित करने में प्रशासन को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी • छाया: बैद्यनाथ वर्मा

(संबंधित सामग्री • पेज 2 व 4)




सरोजनीनगर के सीआरपीएफ ग्रुप केंद्र बिजनौर स्थित 91 बटालियन द्रुत कार्य बल की ओर से चंद्रावल नि:शुल्क शिविर आयोजित किया गया। • हिन्दुस्तान

# सीआरपीएफ शिविर में ग्रामीणों का चेकअप

**सरोजनीनगर।** सरोजनीनगर के सीआरपीएफ ग्रुप केंद्र बिजनौर अंतर्गत स्थित 91 बटालियन द्रुत कार्य बल द्वारा सोमवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चंद्रावल निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 91 बटालियन द्रुत कार्य बल के मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चंद्रावल के चिकित्साधिकारी पियूष अवस्थी द्वारा 115 ग्रामीणों को परीक्षण किया और उन्हें निःशुल्क दवाइयां भी दी। कमांडेंट विश्वनाथ प्रताप सिंह ने बताया कि चिकित्सा शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्राम वासियों का द्रुत कार्य बल के साथ बंधुत्व भाईचारा एवं आपसी समन्वय बढ़ाना है।

Jansandesh (Lucknow,UP.)

# निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

सरोजनीनगर। सरोजनीनगर के सीआरपीएफ ग्रुप केंद्र बिजनौर अंतर्गत स्थित 91 बटालियन द्रुत कार्य बल द्वारा सोमवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चंद्रावल में एक दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 91 बटालियन द्रुत कार्य बल के मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चंद्रावल के चिकित्साधिकारी पियूष अवस्थी द्वारा करीब 115 ग्रामीणों की विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं का निवारण करने के साथ ही उन्हें दवाइयां वितरित की गईं। इस दौरान 91 बटालियन द्रुत कार्य बल के कमांडेंट विश्वनाथ प्रताप सिंह ने बताया कि चिकित्सा शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामवासियों का द्रुत कार्य बल के साथ बंधुत्व, भाईचारा एवं आपसी समन्वय बढ़ाना है। उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि वह निसंकोच 91 बटालियन द्रुत कार्य बल केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल कैंप बिजनौर में सीआरपीएफ के चिकित्सालय में पहुंचकर निःशुल्क चिकित्सा परामर्श ले सकते हैं।

Daily News Activist (Lucknow,UP.)

# चंद्रावल में एक दिवसीय निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन




**सरोजनीनगर।** सरोजनीनगर के सीआरपीएफ ग्रुप केंद्र बिजनौर अंतरगत स्थित 91 बटालियन कार्य बल द्वारा सोमवार को इलाके के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चंद्रावल में एक दिवसीय निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 91 बटालियन कार्य बल के मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चंद्रावल के चिकित्साधिकारी पियूष अवस्थी द्वारा करीब 115 ग्रामीणों की विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं का निवारण करने के साथ ही उन्हें निशुल्क दवाइयां वितरित की गई। इस दौरान 91 बटालियन कार्य बल के कमांडेंट विश्वनाथ प्रताप सिंह ने बताया कि चिकित्सा शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्राम वासियों का द्रुत कार्य बल के साथ बंधुत्व भाईचारा एवं आपसी समन्वय बढ़ाना है। इस मौके पर उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि भविष्य में वह निसंकोच 91 बटालियन द्रुत कार्य बल केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल कैंप बिजनौर में सीआरपीएफके चिकित्सालय में कभी भी पहुंचकर निशुल्क चिकित्सा परामर्श ले सकते हैं। इस मौके पर 91 बटालियन कार्य बल के उप कमांडेंट विजय कुमार साहू व सहायक कमांडेंट विकास कुमार सिंह सहित सीआरपीएफ के कई जवान व तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

## Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF










**सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।**